# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 773 /अका./ब.वि.वि./2021 जगदलपुर, दिनांक 08/09/2021

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 33वीं बैठक दिनांक 08.09.2021 को अपरान्ह 02.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। कोविड–19 के नियंत्रण हेतु शासन/प्रशासन द्वारा जारी सभी प्रोटोकाल एवं निर्देशों का पालन करते हुए बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा शेष निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए :–

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह ,<br>कुलपति,<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य,<br>शासकीय नवीन महाविद्यालय, तोकापाल। | प्राचार्य सदस्य |
| 3. | डॉ. के. इंदिरा संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं<br>जीव विज्ञान संकाय, प्राध्यापक (रसायन शास्त्र)<br>शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 4. | संभागीय संयुक्त संचालक,<br>कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर | वित्त–सदस्य |
| 5. | श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय,<br>प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर बस्तर | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 6. | डॉ. व्ही.के.पाठक,<br>कुलसचिव,<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | सचिव |

**गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 7. | डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य,<br>शासकीय महाविद्यालय, सरोना। | प्राचार्य सदस्य |
| 8. | डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य,<br>शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर। | प्राचार्य सदस्य |
| 9. | श्री हर्षवर्धन अरोरा,<br>द्वारा श्री धरेन्द्र अरोरा, कृष्णा पाटीदार भवन के पीछे,<br>मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.) | सदस्य |
| 10. | श्री कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति,<br>भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22,<br>नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल | सदस्य |
| 11. | डॉ. ए.के.दीक्षित, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं<br>कला संकाय, प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)<br>शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम, बीजापुर | संकायाध्यक्ष सदस्य |



0 8 SEP 2021

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 32वीं बैठक दिनांक 01.07.2021 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णय :–

सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 32वीं बैठक दिनांक 01.07.2021 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन को कार्यपरिषद के पटल पर रखना।

निर्णय :–

अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 06.09.2021 को आयोजित विद्यापरिषद की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

निर्णय :–

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय की मुख्य/वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल, 2021 के ऑनलाईन प्रश्नपत्र/उत्तरपुस्तिका उपलब्ध कराने संबंधी कुल देयक राशि रूपये **7,02,035.10/-** के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में।

विभागीय टीप :–

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के मुख्य/वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल, 2021 के ऑनलाईन प्रश्नपत्र/उत्तरपुस्तिका उपलब्ध कराने संबंधी देयक क्रमांक 386 दिनांक 09.08.2021 देयक राशि रूपये **5,94,945/-** देयक राशि पर 18% **ICGST 1,07,090.10/-** कुल देयक राशि रूपये **7,02,035.10/-** (सात लाख दो हजार पैतीस रूपये दस पैसे) का भुगतान संबंधित फर्म को करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय की वार्षिक/पूरक परीक्षा मार्च–अप्रैल, 2021 के प्रश्न पत्र गोपनीय मुद्रण के प्राप्त तीन देयक 1. प्रिंटिग सेट 76 का बिल क्र. GP/04/21-22, दिनांक 30.06.2021 देयक राशि रूपये **15,56,379/-** , 2. प्रिंटिग सेट 106 का बिल क्र. GP/05/21-22, दिनांक 04.07.2021, देयक राशि रूपये **13,63,738/-** एवं 3. प्रिंटिग सेट 93 का बिल क्र. GP/06/21-22, दिनांक 11.07.2021, देयक राशि रूपये **12,13,082/-**कुल देयक राशि रूपये **41,33,199/-** के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में।



0 8 SEP 2021

विभागीय टीप :–

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की वार्षिक / पूरक परीक्षा मार्च–अप्रैल, 2021 के गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र मुद्रण, प्रिंटिंग, पैकिंग, विजिट, डिलीवरी, सिक्यूरिटी संबधी तीन देयक भुगतान हेतु गोपनीय मुद्रण फर्म से प्राप्त हुआ है। देयको का विवरण निम्नानुसार है :–

1. प्रिंटिग सेट 76 का बिल क्र. GP/04/21-22, दिनांक 30.06.2021 गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र मुद्रण, प्रिटिंग, पैकिंग, विजिट, डिलीवरी, सिक्यूरिटी देयक राशि रूपये **13,89,624/-**,देयक राशि पर **IGST@12% 1,66,754.92/-** कुल देयक राशि रूपय **15,56,379/-**

2. प्रिंटिग सेट 106 का बिल क्र. GP/05/21-22, दिनांक 04.07.2021, गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र मुद्रण, प्रिटिंग, पैकिंग, विजिट, डिलीवरी, सिक्यूरिटी देयक राशि रूपये **12,17,623.45/-**,देयक राशि पर **IGST@12% 1,46,114.81/-** कुल देयक राशि रूपये **13,63,738/-** एवं

3. प्रिंटिग सेट 93 का बिल क्र. GP/06/21-22, दिनांक 11.07.2021, गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र मुद्रण, प्रिटिंग, पैकिंग, विजिट, डिलीवरी, सिक्यूरिटी देयक राशि रूपये **10,83,109.10/-**,देयक राशि पर **IGST@12% 1,29,973.09/-** देयक राशि रूपये **12,13,082/-**

इस प्रकार, तीन देयकों की कुल राशि रूपये **41,33,199/-** (एकचालिस लाख तैतीस हजार एक सौ निन्यानबे रूपये) का भुगतान संबंधित गोपनीय मुद्रण फर्म को करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 6 (विश्वविद्यालय के परीक्षा एवं गोपनीय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय से अनुबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल के देयक क्रमांक 385 राशि 14,43,072 / – (चौदह लाख तिरालिस हजार बहत्तर रूपये) का भुगतान करने हेतु कार्यपरिषद की स्वीकृति के संबंध में।

विभागीय टीप :–

विश्वविद्यालय का कार्यादेश क्रमांक 1345 / ब.वि.वि. / गोपनीय / 2020 जगदलपुर दिनांक 15.06.2020 के माध्यम से दिनांक 19.08.2019 को कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर एवं एम.आई.सी.एस. भोपाल के मध्य हुये अनुबंध की शर्तों एवं दरो के अनुसार अनुबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल को सत्र 2020–21 की वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रेल 2021 में निम्नलिखित कार्यो का सफलतापूर्वक निष्पादन करने के पश्चात भुगतान हेतु देयक प्रस्तुत किया गया है।

1. **Online Submission of Examination Form**
2. **Pre Examination Work**

उपरोक्त कार्यों का देयक राशि रू. 12,22,942.50 / – तथा जी.एस.टी. 18 प्रतिशत की दर से राशि रू. 2,20,129.65 / – इस प्रकार कुल राशि रू. 14,43,072 / – (चौदह लाख तिरालिस हजार बहत्तर रूपये) का भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद् के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।



08 SEP 2021

**विषय क्रमांक – 7 (विश्वविद्यालय के परीक्षा एवं गोपनीय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 के लिये अकादमिक, परीक्षा एवं अन्य कार्यों के ऑनलाईन संपादन हेतु निविदा उपरान्त सफल निविदाकार को कार्यादेश जारी करने एवं अनुबंध किये जाने की सूचना के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 के लिये अकादमिक, परीक्षा एवं अन्य कार्यों के ऑनलाईन संपादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियम, 2002 यथासंशोधित 2020 के अनुसार निविदा क्रमांक 2729/भंडार–प.गो./शमकविवि/2021–22, जगदलपुर दिनांक 29.06.2021 जारी करते हुए निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा में निर्धारित तिथि अनुसार दिनांक 31.07.2021 को प्राप्त निविदायें क्रय समिति के समक्ष खोली गई। सफल निविदाकार फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल को निविदा के अनुसार कार्य संपादित करने के लिए कार्यादेश क्रमांक 8093/भंडार/श.म.क.वि.वि./2021–22, जगदलपुर दिनांक 31.07.2021 प्रेषित किया गया। सफल निविदाकार फर्म एम.आई. सी.एस. भोपाल एवं कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के मध्य दिनांक 13.08.2021 को अनुबंध किया गया है। अनुबंध की शर्तों एवं दरो के अनुसार सत्र 2021–22 में अकादमिक, परीक्षा एवं अन्य कार्यों का ऑनलाईन संपादन एवं देयको का भुगतान किया जायेगा। प्रकरण कार्यपरिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक – 8 (विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु अंशकालिक अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रित करने की सूचना के संबंध में।

**विभागीय टीप –**

शैक्षणिक सत्र 2021–22 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विभिन्न अध्ययनशालाओं में स्वीकृत शैक्षणिक रिक्त पदों के विरूद्ध निम्नलिखित अंशकालिक अतिथि व्याख्याताओं को शैक्षणिक/अध्यापन कार्य संपादित करने हेतु एक अकादमिक सत्र के लिये आमंत्रित किया गया है:–

1. डॉ. राजकुमार – ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला
2. डॉ. दुर्गेश डिकसेना – ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला
3. श्री दिलेश जोशी – ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला
4. डॉ. रामचंद साहू – मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला
5. श्रीमती कोमल नंदनवार – वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला
6. श्री सतीश कुमार – समाज कार्य अध्ययनशाला
7. डॉ. दीनानाथ यादव – समाज कार्य अध्ययनशाला
8. डॉ. तुलिका शर्मा – समाज कार्य अध्ययनशाला
9. डॉ. धनंजय पाण्डे – जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला
10. श्री चंदन गुप्ता – जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला
11. डॉ. रेखा नागवंशी – अंग्रेजी अध्ययनशाला
12. श्री अजय कुमार खरोले – अंग्रेजी अध्ययनशाला
13. श्री राकेश सिंह गौतम – राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला
14. डॉ. भुनेश्वर लाल साहू – राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला
15. सुश्री/श्रीमती नेहा मंडावी – राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला

उक्त प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई।



0 8 SEP 2021

**विषय क्रमांक – 9 (विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

**कार्यरत संविदा सहायक प्राध्यापकों की सेवा अवधि का पुनः एक वर्ष के लिये नवीनीकरण किये जाने की सूचना के संबंध में।**

विभागीय टीप –

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के आदेश क्रमांक/0461/ब.वि.वि. /सा.प्रशा./2021, जगदलपुर दिनांक 16.07.2021 द्वारा कम्प्यूटर अध्ययनशाला एवं प्रबंधन अध्ययनशाला में कार्यरत निम्नलिखित संविदा सहायक प्राध्यापकों का नवीनीकरण दिनांक 17.07.2021 से/कार्यभार ग्रहण तिथि से आगामी एक वर्ष के लिए अथवा नियमित नियुक्ति होने की तिथि तक, जो भी पहले हो तक किया गया है:–

1. श्री अजय सिंह ठाकुर – कम्प्यूटर अध्ययनशाला
2. सुश्री पल्लवी सिंह – कम्प्यूटर अध्ययनशाला
3. श्री दुर्गेश कुमार केसर – कम्प्यूटर अध्ययनशाला
4. कु. ओशिन कुंजाम – प्रबंधन अध्ययनशाला

इसी प्रकार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के आदेश क्रमांक/0515/ब. वि.वि./सा.प्रशा./2021, जगदलपुर दिनांक 05.08.2021 द्वारा प्रबंधन अध्ययनशाला में कार्यरत निम्नलिखित संविदा सहायक प्राध्यापकों का नवीनीकरण दिनांक 06.08.2021 से/कार्यभार ग्रहण तिथि से आगामी एक वर्ष के लिए अथवा नियमित नियुक्ति होने की तिथि तक, जो भी पहले हो तक किया गया है:–

1. डॉ. निलेश कुमार तिवारी – प्रबंधन अध्ययनशाला
2. डॉ. अनुरोध बनोदे – प्रबंधन अध्ययनशाला
3. डॉ. भूपेन्द्र कुमार वर्मा – प्रबंधन अध्ययनशाला
4. श्रीमती रश्मि देवांगन – प्रबंधन अध्ययनशाला

उक्त प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :–

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक – 10 (विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2021–22 से प्रारंभ किये गये पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन एवं पी.जी. डिप्लोमा इन ट्राइबल आर्टस पाठ्यक्रम में शैक्षणिक/अध्यापन एवं अन्य कार्य संपादन के लिये अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रित किये जाने की सूचना।

विभागीय टीप –

शैक्षणिक सत्र 2021–22 से उपरोक्तानुसार पाठ्यक्रम क्रमशः 60–60 सीट संख्या के साथ "पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन" तथा "पी.जी. डिप्लोमा इन ट्राइबल आर्टस" के नाम से प्रारंभ किया गया है। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में छात्र/छात्राओं को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 28.08.2021 से प्रारंभ किया गया है। पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन में शैक्षणिक/अध्यापन एवं अन्य कार्य संपादन के लिये शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विज्ञापन क्रमांक/0477/ब.वि.वि./सा.प्रशा./2021, जगदलपुर दिनांक 29.07.2021 जारी किया गया था। कुलपति महोदय के अनुमोदन से गठित साक्षात्कार सह चयन समिति की बैठक दिनांक 01.09.2021 को विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई।



0 8 SEP 2021

चयन समिति द्वारा की गई अनुशंसा का कुलपति द्वारा अनुमोदन किये जाने उपरान्त दिनांक 02.09.2021 को चयन सूची जारी की गई। चयन सूची अनुसार निम्नलिखित अभ्यर्थियों का चयन किया गया हैः–

1. श्री केशव तिवारी, पिता– श्री राजेन्द्र तिवारी
2. श्री आकाश मिश्रा, पिता– श्री सुनिल मिश्रा

''पी.जी. डिप्लोमा इन ट्राइबल आर्टस'' पाठ्यक्रम में शैक्षणिक/अध्यापन एवं अन्य कार्य संपादन के लिये अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन जारी करने एवं नियुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। तात्कालिक व्यवस्था के लिये मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला में कार्यरत नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याता से शैक्षणिक/अध्यापन एवं अन्य कार्य संपादित कराया जावेगा।

उपरोक्त प्रकरण कार्यपरिषद् के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :–

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक – 11 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय विभाग का प्रस्ताव)**

**पुस्तकें क्रय उपरांत प्राप्त देयक राशि रूपये 2,59,489.28 का भुगतान करने की स्वीकृति के संबंध में।**

विभागीय टीप –

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के आदेश क्रमांक 2396/स्टोर/ब. वि.वि./जगदलपुर, दिनांक 15.03.2021 के द्वारा पुस्तकें क्रय हेतु टेक्नीज बुक इंटरनेशनल, नई दिल्ली को क्रय आदेश जारी किया गया था। उक्त क्रय आदेश के अनुसार पुस्तकें प्रदाय करते हुए राशि रूपये 2,59,489.28 का देयक क्रमांक IN17 Dated 23.06.2021, Amount Rs. 70825.93, IN39 Dated 26.07.2021, Amount Rs. 8806.00, IN32 Dated 26.07.2021, Amount Rs. 89,841.57, IN42 Dated 27.07.2021, Amount Rs. 10,216.22 भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त पुस्तकों को ग्रंथालय के परिग्रहण पंजी में प्रविष्ट किया गया है।

उपरोक्तानुसार देयकों की कुल देयक राशि रूपये 2,59,489.28 का भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक – 11

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 08.09.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन के संबंध में।.



08 SEP 2021

**विभागीय टीप :—**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 08.09.2021 को प्रातः 11.30 बजे से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभागार में आहूत की गई थी। बैठक उपरांत जारी कार्यवृत्त/कार्यवाही विवरण क्रमांक/772/ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 08.09.2021 अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

बैठक निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया है :—

**विषय क्रमांक—1** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा आयोजित सत्र 2020—21 की मुख्य/वार्षिक परीक्षा—2021 में स्नातक भाग—1,2,3 एवं सेमेस्टर प्रणाली की स्नातक परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए पूरक/विशेष परीक्षा का आयोजन करने के संबंध में।

**विषय क्रमांक—2** शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डगॉव में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम— बी.एस.सी. बायो एवं गणित समूह, बी.कॉम एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम—एम.ए. समाजशास्त्र, एम.ए. अर्थशास्त्र, एम.ए. राजनीति विज्ञान, एम.ए. भूगोल एवं एम.एस.सी. रसायनशास्त्र की स्थायी संबद्धता प्रदान करने के संबंध में।

**विषय क्रमांक—3** अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय (निरंक)

**निर्णय :—**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक — 2 (विश्वविद्यालय के विकास शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक—1 एवं 2 के पास गार्ड रूम निर्माण कार्य कराये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने की अनुमति एवं 02 गार्ड रूम निर्माण हेतु राशि रू. 2.99 लाख के स्थान पर राशि रू. 5.98 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :—**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 26वीं बैठक के कार्यवाही विवरण क्रमांक/206/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 17.03.2020 के विषय क्रमांक 27 के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक—1 एवं 2 के पास गार्ड रूम निर्माण कार्य अनुविभागीय अधिकार, लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक—2 जगदलपुर के ज्ञापन क्रमांक/640/शिल्प/2020—21 जगदलपुर, दिनांक 23.08.2020 के माध्यम से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर के प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने हेतु कार्यादेश क्रमांक/325/ब.वि.वि./विकास/2021 जगदलपुर दिनांक 04.06.2021 जारी किया गया है। कार्यादेश जारी करने उपरांत कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक—1 जगदलपुर के ज्ञापन क्रमांक/3857/शिल्प/2021—22 जगदलपुर, दिनांक 30.07.2021 के अनुसार एक गार्ड रूम के लिए राशि रू. 2.99 लाख का प्राक्कलन प्रेषित किया गया था। अतः पूर्व में कार्यपरिषद की बैठक में दी गई स्वीकृति के अनुसार विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक—1 एवं 2 के पास गार्ड रूम निर्माण कार्य कराये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने की अनुमति एवं 02 गार्ड रूम निर्माण हेतु राशि रू. 2.99 लाख के स्थान पर राशि रू. 5.98 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :—**

यथा प्रस्तावित लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने की अनुमति एवं 02 गार्ड रूम निर्माण हेतु विश्वविद्यालय मद से कुल राशि रू. 5.98 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई।



08 SEP 2021

**विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय क्रय समिति के अध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) के. इंदिरा, प्राध्यापक (रसायन शास्त्र), शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के स्थान पर अन्य को अध्यक्ष मनोनीत करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

कार्यपरिषद की 32वीं बैठक दिनांक 01.07.2021 के पूरक एजेण्डा के विषय क्रमांक–6 में विषय से संबंधित एजेण्डा चर्चा हेतु कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया था कि प्रकरण कार्यपरिषद की आगामी बैठक में प्रकरण पुनः प्रस्तुत किया जाये।

उपरोक्त निर्णय के अनुक्रम में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष पुनः प्रस्तुत है। विश्वविद्यालय विनियम, 108 के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/918/भण्डार/ब.वि.वि./2018–19 जगदलपुर, दिनांक 03/05/2018 के द्वारा विश्वविद्यालय के केन्द्रीय क्रय समिति में माननीय कार्यपरिषद के स्वीकृति उपरांत श्रीमती के. इंदिरा प्राध्यापक (रसायन शास्त्र), शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर को सदस्य/अध्यक्ष मनोनित किया गया था। डॉ. (श्रीमती) के. इंदिरा ने महाविद्यालय के कार्यो में व्यस्तता के कारण आवक पत्र क्रमांक 2281, दिनांक 30/06/2021 के द्वारा उक्त दायित्व से पृथक करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

**निर्णय :–**

विश्वविद्यालय क्रय समिति का अध्यक्ष कार्यपरिषद सदस्यों में से मनोनित करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के अकादमिक शाखा का प्रस्ताव)**

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों के शिक्षण विभाग एवं इन विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों तथा राज्य शासन से शतप्रतिशत अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षकों की अधिवार्षिकी आयु 62 के स्थान पर 65 किये जाने हेतु अधिनियम/परिनियम/अध्यादेश/विनियम में संशोधन किये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

छ.ग.शासन, वित्त एवं योजना विभाग मंत्रालय, रायपुर के पत्र क्रमांक/145/वित्त/नियम/चार/12 रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल, 2012 एवं अपर संचालक (वित्त) उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रे पत्र क्रमांक/143/26/आउशि/अशा.अनु./2020 दिनांक 01.09.2020 के अनुसार छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक (अधिवार्षिक आयु) (संशोधन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक–12 सन्, 2012) द्वारा राज्य शासन के उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत क्लास रूम टीचिंग में लगे शिक्षकों की अधिवार्षिकी आयु में दिनांक 01.04.2012 से वृद्धि की जाकर 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष की गई है।

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि उक्त ज्ञापन राजकीय विश्वविद्यालयों के शिक्षण विभाग एवं इन विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों तथा राज्य शासन से शतप्रतिशत अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों हेतु भी समान शर्तों पर लागू की जावे। तद्नुसार विश्वविद्यालयों द्वारा अपने अधिनियम/परिनियम/अध्यादेश/विनियम में यथा आवश्यक संशोधन किया जावे।

विश्वविद्यालय परिनियम–28 की कंडिका 26 में उल्लेखित शब्द "Sixty Two" के स्थान पर शब्द "Sixty Five" प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है। निर्धारित प्रपत्र में विवरण संलग्न है।

**निर्णय :–**

अनुमोदित किया गया।



08 SEP 2021

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

सत्र 2021–22 से प्रारंभ पी.जी.डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन, पी.जी.डिप्लोमा इन ट्राईबल आर्टस एवं एल.एल.बी. तथा विश्वविद्यालय के नैक प्रत्यायन हेतु बुक्स/जर्नल्स क्रय करने के लिए राशि रू. 15.00 लाख की स्वीकृति प्रदाय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शिक्षण विभाग अन्तर्गत अध्ययनशालाओं में कार्यपरिषद के निर्णयानुसार पी.जी.डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन (पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) एक वर्षीय/दो सेमेस्टर पाठ्यक्रम एवं पी.जी.डिप्लोमा इन ट्राईबल आर्टस (जनजातीय कला में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) एक वर्षीय/दो सेमेस्टर पाठ्यक्रम सत्र 2021–22 से प्रारंभ किया गया है। उक्त पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है।

बार कौंसिल ऑफ इंडिया की निरीक्षण समिति द्वारा दिनांक 23.08.2021 को वर्चुअल निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय ग्रंथालय में प्रलेखों को एक वर्ष के भीतर मंगाये जाने के निर्देश प्रदान किया गया था। साथ ही नैक प्रत्यायन हेतु नये एवं पुराने पाठ्यक्रम हेतु ऑनलाईन बुक्स/जर्नल्स को मंगाये जाने की प्रक्रिया भी की जानी है। उपरोक्त पाठ्यक्रमों हेतु पुस्तक/जर्नल्स क्रय करने के लिए अनुमानित लागत राशि रू. 15.00 लाख स्वीकृत हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

यथा प्रस्तावित स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 6 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

श्री कमलाकर सिंह, सदस्य कार्यपरिषद शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर एवं पूर्व कुलपति मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल ई–3/22 नूपुरकुंज अरेरा कालोनी भोपाल (म.प्र.) के द्वारा प्राप्त पत्र अनुसार कार्यपरिषद में नामांकित सदस्यों को राशि रू. 1000/– के स्थान पर 5000/– प्रति बैठक मानदेय प्रदाय करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

श्री कमलाकर सिंह, सदस्य कार्यपरिषद शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर एवं पूर्व कुलपति मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल ई–3/22 नूपुरकुंज अरेरा कालोनी भोपाल (म.प्र.) से प्राप्त पत्रानुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यपरिषद में नामांकित सदस्यों को राशि रू. 1000/– प्रति बैठक के मानदेय के रूप में भुगतान किया जा रहा है। हाल ही में मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों की समन्वय समिति की बैठक दिनांक 26.08.2021 जो महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई थी में निर्णय लिया गया है कि कार्यपरिषद में नामांकित बाह्य सदस्यों को रूपये 5000/– प्रति बैठक की दर से मानदेय का भुगतान किया जाए।

महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश द्वारा कुलपतियों की समन्वय समिति की बैठक दिनांक 26.06.2021 में लिए गये निर्णय अनुसार ही आपके विश्वविद्यालय में भी नामांकित बाह्य सदस्यों को मानदेय का भुगतान 5000/– प्रति बैठक करने संबंधी प्रस्ताव आगामी बैठक में रखने का अनुरोध किया गया है।

प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

कार्यपरिषद में नामांकित बाह्य सदस्यों को रूपये 5000/– प्रति बैठक की दर से मानदेय का भुगतान हेतु विश्वविद्यालय समन्वय समिति को प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



08 SEP 2021

**विषय क्रमांक – 7 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2021–22 से पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन तथा पी.जी. डिप्लोमा इन ट्राइबल आर्टस पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क के संबंध में।

**विभागीय टीप –**

कार्यपरिषद की 32वीं बैठक दिनांक 01.07.2021 के विषय क्रमांक–10 में लिए गये निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2021–22 से "पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन" तथा "पी.जी. डिप्लोमा इन ट्राइबल आर्टस" के नाम से क्रमशः 60–60 सीट संख्या के साथ प्रारंभ किया गया है।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों हेतु प्रत्येक छात्र से प्रति सेमेस्टर रूपये 10,000/– शिक्षण शुल्क तथा शेष अन्य शुल्क विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला अन्तर्गत संचालित पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क के अनुसार रखा गया है। छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय की ओर से छात्रवृत्ति प्रदाय नही किया जावेगा। दिव्यांग, अल्पसंख्यक, तृतीय लिंग के छात्र/छात्राओं तथा समस्त छात्राओं के लिए प्रति सेमेस्टर रूपये 5,000/– शिक्षण शुल्क रहेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा पुनः विचारोपंरात उपरोक्त पाठ्यक्रमों हेतु प्रत्येक छात्र से प्रति सेमेस्टर निर्धारित शिक्षण शुल्क में संशोधन/कमी करते हुए प्रति सेमेस्टर प्रति छात्र शिक्षण शुल्क रूपये 7,200/– रखा जाना प्रस्तावित है।

प्रकरण कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्तावित शिक्षण शुल्क प्रति सेमेस्टर प्रति छात्र राशि रूपये 7,200/– अनुमोदित किया गया। शेष निर्णय पूर्ववत रहेंगे।

कुलपति 8/9/21
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

कुलसचिव 8/9/2021
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)



08 SEP 2021